12.98 hrs.

## RE: QUESTION OF PRIVILEGE ETC.—*Contd.*

**श्री हरिकेश बहादुर** (गोरखपुर) : इलेक्शन रिगिंग के मामले में क्या हो रहा है ? (व्यवधान) ।

**अध्यक्ष महोदय** : मैंने बताया तो है आपको । आप भी तो बीच में थे । अब आप बताइये और किस तरह से करें । वह होगा ....

**श्री हरिकेश बहादुर** : कब होगा ?

**अध्यक्ष महोदय** : इसी सेशन में होगा ।

**श्री मनीराम बागड़ी** (हिसार) : मेरा आपसे यह निवेदन है कि आप एक बात सुन कर अपना फैसला आराम से सुना दें । यह न हो कि 50 आदमी बोलने के लिए खड़े हो जाएं । अगर आप खड़े हो कर आराम से सुना दे तो यह नहीं हो । गढ़वाल के चुनाव के बारे मे आपका डिसीजन क्या है ?

**अध्यक्ष महोदय** : कितनी दफा मैने बोला है, खड़े हो कर एलान किया है, आज भी उसके बारे में बताया है, कल भी बताया था (व्यवधान)

**श्री मनीराम बागड़ी** : मै आप से गढ़वाल की बात कर रहा हूं ।

**अध्यक्ष महोदय** : मैं गढ़वाल की बात नही करता ।

I have given to understand to this august House time and again that we have had discussions in the Business Advisory Committee and we have discussed certain reforms in the election pattern. Isn't it? So, we can make the hon. Minister answer that falls within his purview. And which falls within the purview of the autonomy of the Election Commission, that cannot be discussed. That is the only thing.

Now, about the conversion problem.

मैं हाउस से निवेदन करना चाहता हूं कि यह बड़ी गंभीर समस्या है । गांधी के देश में, ऋषि-मुनियों और पैगम्बरों के इस देश में सदा भातृत्व की भावना उत्पन्न की जाती रही है और आज तक की जाती रही है, और हमेशा की जाती रहेगी उस देश मे हर आदमी को यह हक है कि वह जहां रहता है, वह वहीं रहे । इसी में हम सब की भलाई है ।

हम सेक्युलरिज्म में विश्वास रखते हैं अगर हमने कोई ऐसा कदम उठाया जिससे कि इस भारत के सेक्युलरिज्म पर आंच आती है, भारत की अखण्डता पर आंच आती है, या ऐसी भावना उत्पन्न होती है तो इस भारत में आग लग सकती है । इस से हम सब को दूर रहना चाहिए । (व्यवधान) ।

मेरे भाई, मेरी बात तो सुनिए । इस सिलसिले में हमें एक यह भी काम करना है कि यहां किसी प्रकार से भी किसी के प्रति यदि निरादर किया जाता है .... उन पर अगर आर्थिक तौर पर दबाव डाला जाता है तो उसको हटाना हमारा धर्म है । चाहे यह धर्म के अधीन आता हो चाहे और किसी चीज के अधीन आता हो, यह हमारा धर्म है ।

इसलिए मै अर्ज कर रहा हू कि हमे इस प्रकार से कार्य करना है, जिससे हम सब का मान बढ़े और हमारे देश का मान बढ़े ।

**श्री रामविलास पासवान** : (हाजीपुर) गंगाजल चढ़ाने पर हत्या होती है ...
(व्यवधान) ...

**अध्यक्ष महोदय** : मै वही बात तो कह रहा हू कि जातिवाद को, आर्थिकवाद को और छुआ-छूत को खत्म करना है ।
..(व्यवधान) ..

**अध्यक्ष महोदय** : अब क्या रह गया पासवान जी ?

**श्री रामविलास पासवान** : अध्यक्ष महोदय, मैंने काल से ही प्रिवलेज मोशन दिया है .....

**अध्यक्ष महोदय** : वो मैंने भेज दिया है, We havee already informed you. अगर आप दुबारा उठाना चाहें तो कोई फ़ायदा नहीं है ।

**श्री राम विलास पासवान** : आपका टेलीफोन डेड है, आपको मालूम है ?

**अध्यक्ष महोदय** : मैं इसकी परवाह नही करता, लेकिन आपके लिए जरूर परवाह करूंगा ।

(व्यवधान) ....

**श्री मनीराम बागड़ी** : अध्यक्ष महोदय, मैंने एक सवाल 24 तारीख के लिए लिख कर दिया है, यह अंग्रेजी में आया है, मैं तो अंग्रेजी पढ़ नहीं सकता, अगर आप यह अंग्रेजी पढ़ दें, तो मैं मान जाऊंगा। यह मुझ को अंग्रेजी में लिखकर दिया है ।

**अध्यक्ष महोदय** : जरा देखिए, अगर इनका हिन्दी का नहीं पहुंचा तो भिजवा दीजिए ।

**श्री मनीराम बागड़ी** : अगर आप यह अंग्रेजी पढ़ दें तो मैं मान जाऊंगा ।

**अध्यक्ष महोदय** : मैं तो इतना पढ़ा नहीं हूं । मैं तो ऐसे स्कूल में पढ़ा हूं जो दरख्त के नीचे लगता था और हमारी बगल में बोरी होती थी ।

**श्री मनीराम बागड़ी** : मेरा मतलब है कि यह साफ़ नहीं है ।

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour): Sir, may I caution you on one thing. You have to travel through Haryana.

MR SPEAKER: I have only directed the Secretariat to look into it.

**श्री हरीश कुमार गंगवार** (पिलीभीत): अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है । अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत कम बोलता हूं। मेरा निवेदन ... जो नए मेम्बर हैं या कम बोलते हैं या कम हल्ला मचाते हैं तो उनको तो आप बोलने का मौका नहीं देते हैं और जो लोग ज्यादा बोलते हैं या लीडर टाइप के हैं, उनको आप पहले मौका देते है । आज मैं खड़ा रहा, लेकिन आपने मुझे नहीं सुना, बाकी सब को सुन लिया ।

**अध्यक्ष महोदय** : मैं तो सुन रहा हूं ।

**श्री हरीश कुमार गंगवार** : यह तो मैंने प्वाइंट आफ आर्डर उठाया तब आप सुन रहे हैं, पहले तो आपने नहीं सुना ।

**अध्यक्ष महोदय** : ऐसी बात नहीं है, कभी-कभी ऐसा होता है कि सारी बातें आ जाती हैं, तब नहीं सुना होगा ।

**श्री हरीश कुमार गंगवार** : यह तो कोई बात नहीं हुई ।

**अध्यक्ष महोदय** : ऐसी कोई बात नहीं है ।

**श्री हरीश कुमार गंगवार** : अध्यक्ष महोदय, कल भी मै खड़ा हुआ और आज भी खड़ा रहा । अध्यक्ष महोदय, मै गढ़वाल के चुनाव के बारे में कोई बात नहीं कह रहा हूं ...

**अध्यक्ष महोदय** : एक बात को बार-बार क्यों कहना चाहते हैं ?

**श्री हरीश कुमार गंगवार** : मैं तो सिर्फ इतना जानना चाहता हूं कि गढ़वाल में उप-चुनाव कब होगा ।

अध्यक्ष महोदय: यह कोई मतलब नहीं है। This is a question, not allowed. This is not a point of order.

SHRI VASANT KUMAR PANDIT (Rajgarh): I have tabled some motion with regard to recial riots in U. K.

अध्यक्ष महोदय : मैंने आपको बार-बार समझाया कि ऐसा कोई विषय नहीं रहेगा, जिस पर हाउस में बात न करें, फिर इस तरह से एक साथ बोलने से तो काम नहीं चलेगा। . . . So many questions have been admitted on that It is coming.

श्री रशीद मसूद (सहारनपुर) : अध्यक्ष महोदय पिछली दफा आपने कहा था कि बिहार-शरीफ पर चर्चा होगी, लेकिन नहीं हुई।

अध्यक्ष महोदय : सारा काम टाइमली होगा।

---

**12.14 hrs.**

## PAPERS LAID ON THE TABLE—*Contd.*

### HARYANA AND UTTAR PRADESH (INSPECTION OF BOUNDARY PILLARS) RULES, 1981 AND ANNUAL REPORT ON THE WORKING OF THE PROVISIONS OF SECTION 15A OF CIVIL RIGHTS ACT, 1955.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI YOGENDRA MAKWANA): I beg to lay on the Table:—

(1) A copy of the Haryana and Uttar Pradesh (Inspection of Boundary Pillars) Rules, 1981 (Hindi and English versions) published in Notification No. G.S.R. 417(E) in Gazette of India dated the 30th June 1981 under sub-section (2) of section 36 of the Haryana and Utar Pradesh (Alteration of Boundaries) Act, 1979. [*Placed in Library. See* No. LT-2617/81].

(2) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) on the working of the provisions of section 15A of the Civil Rights Act, 1955 for the year ending 31st December, 1979, under sub-section (4) of section 15A of the said Act. [*Placed in Library. See* No. LT-2618/81].

### NAVY (PENSION) FIRST AMENDMENT REGULATIONS, 1981

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, ELECTRONICS AND ENVIRONMENT (SHRI C P. N. SINGH) on behalf of SHRI SHIVRAJ V PATIL: I beg to lay on the Table a Copy of the avy (Pension) First Amendment Regulations, 1981 (Hindi and English versions) published in Notification No. S.R.O. 198 in Gazette of India dated the 25th July, 1981, under section 185 of the Navy Act, 1957. [*Placed in Library See* No. LT—2619/81].

### RECOMMENDATIONS OF THE REVIEW COMMITTEE ON ELECTRONICS (SONDHI COMMITTEE), RECOMMENDATIONS OF THE COMMITTEE ON ELECTRONICS EXPORT (MENON COMMITTEE), COMMON/OVERLAPPING RECOMMENDATIONS OF THE COMMITTEE ON ELECTRONICS EXPORT (MENON COMMITTEE), PROFILE OF SPACE RESEARCH AND DEVELOPMENT FOR THE DECADE 1980—1990 ETC. ETC.

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, ELECTRONICS AND ENVIRONMENT (SHRI